भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

प्रैस विज्ञप्ति

04.07.2024 – अखिल भारतीय

एलआईसी ने एजेंटों के सशक्तिकरण के लिए एजेंसी परिवर्तन पहल "जीवन समर्थ" शुरू की गई।

एजेंसी-आधारित विकास की अपनी गौरवपूर्ण विरासत को जारी रखने के लिए, एलआईसी ने एक महत्वाकांक्षी मिशन "जीवन समर्थ" शुरू किया है, जिसका उद्देश्य ग्राहकों की तेजी से बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने सभी लगभग 14 लाख एजेंटों को भविष्य हेतु तैयार करना है। इसे प्राप्त करने के लिए, एलआईसी ने विश्व स्तर पर प्रसिद्ध रणनीति परामर्श फर्म M/s A T Kearney के साथ साझेदारी की है, जो एंड-टू-एंड आधार पर एलआईसी के मौजूदा एजेंसी ढांचे की समीक्षा करके इस एजेंसी परिवर्तन परियोजना को शुरू करेगी। इसमें भारत में तेजी से बदलते उद्योग और बीमा क्षेत्र के नियामक परिदृश्य के मद्देनजर वैश्विक सर्वोत्तम व्यवसाय को स्थापित करने की दिशा में शाखा, मण्डल और क्षेत्रीय स्तर पर एजेंसी के संचालन में सुधार भी शामिल होगा।

इस अवसर पर एलआईसी के सीईओ और एमडी, श्री सिद्धार्थ महान्ति ने कहा कि 'जीवन समर्थ' परियोजना के माध्यम से, हमारा लक्ष्य लाखों भारतीय परिवारों की तेजी से विकसित हो रही जरूरतों के अनुरूप अपनी एजेंसी पारिस्थितिकी तंत्र को बदलना और उन्हें उपयुक्त दीर्घकालिक बचत, सुरक्षा, स्वास्थ्य बीमा, यूलिप और पेंशन समाधान प्रदान करना है।'

एजेंटों को सक्षम और सशक्त बनाने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, एलआईसी के सीईओ और एमडी ने कहा, "इस परिवर्तन के परिणामस्वरूप हमारे पहले से ही प्रतिबद्ध एजेंटों को अधिक साधन और अतिरिक्त कौशल मिलेगा, जिससे एजेंटों और एलआईसी के बीच संबंध और अधिक मजबूत हो जाएगा।" सीईओ और एमडी ने भारत के युवा पुरुषों और महिलाओं से जीवन बीमा विपणन को एक लाभप्रद करियर के रूप में चुनकर एलआईसी के साथ हाथ मिलाने और भारत में बीमा उद्योग के भविष्य को आकार देने में भाग लेने का भी आह्वान किया।
4 जुलाई, 2024 को मुंबई में दिनांकित

अधिक जानकारी हेतु कृपया संपर्क करे : कार्यकारी निदेशक (नि.स.) भारतीय जीवन बीमा निगम,केंद्रीय कार्यालय, मुंबई
ईमेल आईडी : ed_cc@licindia.com । हमे www.licindia.in पर विजिट करे

हमारा मानना है कि इस विज्ञप्ति में निहित समाचार आपके पाठकों के लिए उपयोगी हैं। हालाँकि हम इसे यथाशीघ्र प्रकाशित करने के लिए आपको धन्यवाद देंगे, हम यह भी स्वीकार करते हैं कि ऐसा करने का निर्णय पूरी तरह से आप पर निर्भर है।